# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0 / डी0एस0डब्लू / 782 / 2022–23

दिनांक : 15.09.2022

शीर्ष प्राथमिकता

## आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत सभी छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा दिनांक 02 मई, 2022 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति शैक्षणिक सत्र 2022–23 का आवेदन फार्म भरने हेतु जारी की गयी समय–सारणी के अनुसार समस्त वर्गो के छात्र / छात्राएं दिनांक 08 जुलाई, 2022 से 07 नवम्बर, 2022 तक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म भर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने के 03 दिन के अन्दर, आवेदन पत्र की हार्डकापी, वांछित संलग्नकों सहित अपने–अपने विभाग में जमा किया जाना है

2–सभी विभागाध्यक्षों से यह निवेदन है कि पूर्व की भाँति ही, विभाग में प्राप्त आवेदन पत्रों की मूल प्रति समस्त वांछित संलग्नकों सहित यथास्थान प्रमाणित कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 10 नवम्बर, 2022 तक अनिवार्य रूप से वर्गवार सूची सहित जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे समयान्तर्गत छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन फार्मो का आनलाइन अग्रसारण किया जा सके।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–

1–समस्त विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने संकाय के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।

2–निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

3–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।

4–वेब प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वेब–साइट पर अविलम्ब अपलोड करने का कष्ट करें।

5–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण